प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 23.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- प्रदेश में आज मेगा पीटीएम का आयोजन–राज्यस्तरीय समारोह जयपुर में–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशवासियों को एक हजार करोड़ रूपये से अधिक की सौगात देंगे।
- राज्य में आज से दो हजार 839 गिरदावर सर्किलों पर ग्राम उत्थान शिविर लगाये जायेंगे–शिविरों में किसानों को तारबंदी और सौर पम्प की स्वीकृतियां दी जायेंगी।
- केन्द्र सरकार ने जनगणना 2027 के पहले चरण के दौरान नागरिकों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों की सूची जारी की।
- बसंत पंचमी पर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों की धूम।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में उलट फेर–कई स्थानों पर गरज के साथ मावठ का सिलसिला जारी–आज कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट।

....................

प्रदेश में आज मेगा पीटीएम आयोजित की जा रही है। बंसत पंचमी और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर हो रही इस मेगा पीटीएम में युवा संवाद और सरस्वती वंदन के आयोजन भी होंगे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के कॉमर्स कॉलेज में रखा गया है, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशवासियों को एक हजार करोड़ रूपये से अधिक की सौगात देंगे। इसमें 700 करोड़ रूपये के सामाजिक सुरक्षा पेंशन हस्तान्तरण और विद्यार्थियों को 300 करोड़ रूपये से अधिक के उपहार वितरण शामिल है।

....................

इस बीच मेगा पीटीएम के राज्यस्तरीय कार्यक्रम को देखते हुए जयपुर में जेएलएन मार्ग पर यातायात को डायवर्ट किया गया है। पुलिस ने आमजन से कार्यक्रम के दौरान वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करने को कहा है।

....................

प्रदेशभर में आज से ग्राम उत्थान शिविर लगाये जा रहे है। 2 हजार 839 गिरदावर सर्किलों पर ये शिविर दो चरणों में आयोजित किए जायेंगे। पहले चरण में 31 जनवरी तक इन शिविरों के माध्यम से कृषि और पशुपालन सहित 12 विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलेगा। साथ ही तारबंदी तथा सौर पंप जैसी स्वीकृतियां मौके पर ही जारी की जाएंगी। इसके साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिये जायेंगे। किसानों को फसल बीमा और कृषि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किसानों से इन शिविरों का लाभ लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की भलाई के लिए लगातार काम कर रही है।

....................

केन्द्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के दौरान नागरिकों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों की सूची जारी कर दी है। यह चरण एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। पहले चरण में घरों की सूची तैयार की जाएगी, जिसके लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की ओर से निर्धारित 30 दिनों की अवधि में अभियान चलाया जाएगा। यह चरण 30 सितंबर तक जारी रहेगा। नागरिकों के पास 30 दिनों के गृह सूचीकरण अभियान शुरू होने से ठीक पहले 15 दिनों की अवधि में स्व–गणना करने का विकल्प भी उपलब्ध होगा। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जा रही है।

अप्रैल से सितंबर तक घरों का सूचीकरण और आवास जनगणना तथा फरवरी 2027 में व्यक्तियों की गणना होगी।

....................

बसंत पंचमी का पर्व आज प्रदेशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कई धार्मिक और सामाजिक आयोजन हो रहे है। विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। पीले वस्त्रों और पुष्पों से मंदिरों को सजाया गया है। इसके साथ ही इस दिन अबूझ मुहुर्त होने से

विभिन्न मांगलिक कार्य भी सम्पन्न हो रहे है। विवाह समारोह आयोजित किये जा रहे है। साथ ही गृह प्रवेश और नये वाहनों की खरीद के लिये भी लोग आज के दिन को शुभ मानते है। बसंत पंचमी का वैज्ञानिक महत्व भी है। ये पर्व ऋतु परिवर्तन, स्वास्थ्य और मानसिक एकाग्रता से जुडा है। ये सर्दी के मौसम के बाद गर्मी की ऋतु आने का संकेत है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है।

....................

प्रदेश में एक बार फिर से मौसम में उलट फेर हुआ है। तेज सर्दी से कुछ दिनों की राहत के बाद अब मावठ का दौर शुरू हो गया है। कल सक्रिय हुए एक नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से रात से ही कई स्थानों पर रूक–रूक कर बरसात जारी है। राजधानी जयपुर में आज अल सुबह से ही धीमी से मध्यम बरसात हो रही है। भीलवाडा, पाली और नागौर में हल्की बारिश से मौसम में ठण्डक घुल गई है। बाडमेर, जैसलमेर और आसपास के गांवों में रात को हल्की बारिश हुई। इस बारिश से फसलों को फायदा पंहुचने की उम्मीद है। अजमेर में देर रात गरज के साथ बारिश हुई तथा सर्द हवायें चली। चूरू और जालौर में सुबह तक रूक–रूक कर बादल बरसते रहे। श्रीगंगानगर के सूरतगढ के बीरमाना गांव में ओले गिरने के भी समाचार है। इस बीच मौसम में आये बदलाव से बसंत पंचमी के अवसर पर आज होने वाले विवाह समारोह भी प्रभावित होंगे। कोटपूतली बहरोड से हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश ने शादी वाले परिवारों की चिंताएं बढा दी है।

....................

मौसम विभाग ने आज जयपुर, दौसा, अलवर और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर ओले भी गिर सकते है। साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई है। इसके अलावा 11 जिलों में हल्की बरसात का येलो अलर्ट है। इनमें श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, भीलवाडा, बूंदी और सवाईमाधोपुर जिले शामिल है। यहां बरसात के साथ तेज हवायें चलने के आसार है। मौसम विभाग ने लोगों से मेघ गर्जन के समय सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने का परामर्श जारी किया है।

....................

प्रदेश के सरहदी इलाकों में गणतंत्र दिवस को देखते हुए सीमा सुरक्षा बल ने ऑपरेशन सर्द हवा शुरू किया है। ऑपरेशन के तहत भारत पाक सीमा पर सुरक्षा के बंदोबस्त और अधिक कडे कर दिये गये है। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि ये ऑपरेशन 27 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान बीएसएफ के जवान पैदल गश्त के साथ ही ऊंटों पर भी सीमावर्ती क्षेत्रों की मुस्तैदी से पेट्रोलिंग कर रहे है।

....................

कृतज्ञ राष्ट्र आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन कर रहा है। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय आज से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पराक्रम दिवस–2026 का आयोजन कर रहा है। स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन और विरासत से जुड़े देश भर के 13 अन्य स्थानों पर भी यह उत्सव मनाया जाएगा। यह उत्सव उनके साहस, बलिदान और देशभक्ति की अमर विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से नमन किया है।

....................

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए आज जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में राज्य स्तरीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवा कलाकारों को मतदान के महत्व और लोकतंत्र की मजबूती जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर देना है।

....................

प्रदेश में डिजिटल अरेस्ट के जरिए होने वाली साइबर ठगी को लेकर पुलिस ने एक चेतावनी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वीके सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई या आयकर विभाग का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करते हैं और लोगों को डराते हैं कि उनके विरुद्ध कोई मामला दर्ज हुआ है। इसके बाद जांच के नाम पर लोगों से उनके बैंक खातों की जानकारी ली

जाती है और पैसे अपने खातों में मंगवा लिए जाते हैं। श्री सिंह ने स्पष्ट किया है कि कोई भी सरकारी संस्था वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी या पैसों की मांग नहीं करती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ठगी होने पर तुरंत 1930 नंबर पर फोन करें या सरकारी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव आज तक स्वीकार किए जाएंगे।

....................